## कृषि विभाग की योजनाओं के अन्तर्गत कृषकों को देय सुविधाए -

| क्र.सं. | सुविधा | देय लाभ |
|---|---|---|
| 1. | फसल प्रदर्शन | • राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- दलहन अन्तर्गत फसल प्रदर्शनों हेतु आदान की वास्तविक कीमत अथवा रूपये 7500/- प्रति प्रदर्शन/हैक्टेयर अनुदान है।<br>• नेशनल मिशन ऑन ऑयल सीड एण्ड ऑयल ( एनएमओओपी ) अन्तर्गत प्रदर्शनों हेतु आदान की वास्तविक कीमत अथवा रू.3000/-प्रति प्रदर्शन/हैक्टेयर अनुदान देय है।<br>• राज्य योजना अन्तर्गत ग्वार एवं गेहूँ फसल प्रदर्शनों हेतु आदानों की वास्तविक कीमत अथवा रू. 7500/- प्रति प्रदर्शनों/हैक्टेयर अनुदान देय है। जो फसल प्रदर्शन हेतु आदानों की वास्तविक कीमत अथवा रूपये 5000/-प्रति प्रदर्शन/हैक्टेयर अनुदान देय है। |
| 2. | मिनिकिट | विभिन्न योजनान्तर्गत प्राप्त मिनिकिट का पात्र कृषकों को कृषि आयुक्तालय के निर्देशानुसार नि:शुल्क वितरण करने का प्रावधान है। |
| 3. | जलहौज | 1. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 30 फीट X 20 फीट X 06 फीट = 3600 घन फुट साईज ( 102 घन मीटर ) के जलहौज के निर्माण पर लागत का 50 प्रतिशत अथवा 100 रूपये प्रति घन मीटर अनुदान देय है। उक्त साईज के जल हौज हेतु रूपये 10200/- अनुदान देय है। अधिकतम रूपये 75000/- तक अनुदान देय है। |
| 4. | फार्म पोण्ड ( खेत तलाई ) | राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत् 20 मीटर X 20 मीटर X 03 मीटर = 1200 घन मीटर साईज के फार्म पोण्ड ( खेत -तलाई ) के निर्माण पर लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम रूपये 52500/-अनुदान देय है। |
| 5. | सॉयल हैल्थ कार्ड योजना | वर्ष 2015-16 में सॉयल हैल्थ कार्ड योजना के तहत् जिले की सभी पंचायत समितियों के एक तिहाई क्षेत्र से मृदा नमूनों का विश्लेषण कराकर सॉयल हैल्थ कार्ड कृषकों को उपलब्ध कराए जायेंगे। |
| 6. | जिप्सम वितरण | वर्ष 2015-16 हेतु जिले में भूमि सुधार एंव पौशक तत्व के रूप में जिप्सम वितरण पर लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 1215/- रूपये प्रति मैट्रिक टन अनुदान देय है। |

## कृषि विभाग की योजनाओं के अन्तर्गत कृषकों को देय अन्य सुविधाए -

| क्र.सं. | योजना का नाम | योजना का संक्षिप्त विवरण | पात्रता | देय लाभ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कृषियंत्र ट्रैक्टर चलित व बैल चलित | केन्द्रीय एवं राज्य योजनाएँ | लघु, सिमान्त, ST, SC एवं महिला कृषक व सामान्य कृषक | 40 से 50% लागत मुल्य पर अधिकतम राशि योजना अनुसार |
| 2. | कृषि उपकरण | केन्द्रीय एवं राज्य योजनाएँ | लघु, सिमान्त, ST, SC एवं महिला कृषक व सामान्य कृषक | 50 प्रतिशत या 600/- प्रति व्यक्ति ( PP ) |
| 3. | सिचांई पाईप लाईन | Pmksy योजना pvc, hdpe,ISIa पाईप पर | लघु, सिमान्त, ST, SC एवं महिला कृषक व सामान्य कृषक | अधिकमत 600 मीटर व 25/-प्रति मीटर अनुदान देय है। |
| 4. | फंव्वारा संयत्र | Pmksy योजना | लघु, सिमान्त, ST,SC एवं महिला कृषक व सामान्य कृषक | 8000 से 12000/- प्रति हेक्टर अनुदान देय है अधिकमत क्षेत्र एक है |